# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

**पत्रांक 1376/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक, 14-01-2026.**

**सेवा में,**

सी0ओ0ओ0,
मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0,
यूनिट–डाला सीमेन्ट वर्क्स,
डाला सोनभद्र।

**विषय–** जनपद–सोनभद्र के ओबरा वन प्रभाग में मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0, डाला सोनभद्र द्वारा कजरहट (डाला) लाईम स्टोन माईन्स के अन्तर्गत 331.475हे0 आरक्षित वनभूमि पर खनन कार्य हेतु लीज पर हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भः–** प्रस्ताव संख्या–FP/UP/MIN/47074/2020.

विषयगत प्रकरण का ऑनलाईन प्रस्ताव "परिवेश–1" पोर्टल पर आवेदन किया गया है, आवेदन पत्र का परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियां पायी गयीः–

1. प्रस्ताव के भाग–1 के एडिशनल इन्फारमेशन डिटेल के क्र0सं0 9 में संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में डाला (कजरहट) लाईम स्टोन माईन्स व भलुआ लाईम स्टोन माइन्स के अन्तर्गत कुल 1394.433 हे0 भूमि (वन भूमि एवं गैर वन भूमि) का उल्लेख किया गया है। जब कि भाग 1 के प्रोजेक्ट डिटेल में 331.475हे0 वन भूमि एवं 309.316हे0 गैर वन भूमि का उल्लेख किया गया है। कृपया स्थिति स्पष्ट करते हुए सुस्पष्ट विस्तृत विवरण संलग्न करनें का कष्ट करें।

2. प्रस्ताव के भाग–1 के एडिशनल इन्फारमेशन डिटेल में गैर वन भूमि के उपयुक्तता के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर, प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर एवं उप निदेशक, रानीपुर टाइगर रिजर्व/प्रभागीय वनाधिकारी, चित्रकूट के संलग्न पत्र में उल्लिखित क्षेत्रफल तथा भाग 1 के Details of land identified for Compensatory Afforestation के क्षेत्रफल में भिन्नता है। कृपया क्षतिपूरक वनीकरण हेतु गैर वन भूमि की स्थिति स्पष्ट करते हुए सुस्पष्ट विवरण संलग्न करने का कष्ट करें।

3. परियोजना में प्रभावित होने वाले वन भूमि के सापेक्ष उपलब्ध करायी गयी गैर वन भूमि में से क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अनुपयुक्त क्षेत्र के दोगुने क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु अवनत वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिसके सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा अतिरिक्त अवनत वन भूमि चयनित करने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र, मीरजापुर एवं रेनुकूट से अनुरोध किया गया है। कृपया सम्बन्धित प्रभाग से समन्वय स्थापित कर अवनत वन भूमि चयनित कराते हुए, चयनित क्षेत्र का डी0एस0एस0 एनालिसिस कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

4. प्रस्ताव का आन लाईन भाग–2 भरने हेतु बाधक वृक्षों का व्यासवार/प्रजातिवार, वैज्ञानिक नाम सहित सूची व सारांश विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में कृपया वृक्षों की गणना कराते हुए, बाधक वृक्षों का व्यासवार/प्रजातिवार, वैज्ञानिक नाम सहित सूची व सारांश तैयार कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें।

5. प्रस्ताव का आन लाईन भाग–2 भरने हेतु परियोजना के सम्बन्ध में कैमूर वन्य जीव प्रभाग के ESZ (Eco Sensitive Zone) से सम्बन्धित प्रमाण पत्र वांछित है। कृपया प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर से समन्वय स्थापित कर ESZ (Eco Sensitive Zone) से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

6. प्रस्ताव का भाग–2 भरने हेतु क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल (गैर वन भूमि एवं अवनत वन भूमि) के उपयुक्तता प्रमाण, प्राक्कलन, जियोरिफरेन्सड मानचित्र, एस0ओ0आई0 टोपोशीट वांछित है। कृपया सम्बन्धित प्रभाग से समन्वय स्थापित कर क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल (गैर वन भूमि एवं अवनत वन भूमि) का उपयुक्तता प्रमाण, प्राक्कलन, जियोरिफरेन्सड मानचित्र, एस0ओ0आई0 टोपोशीट उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

7. उक्त के अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ महोदय के कार्यालय पत्रांक–1763/11–सी, दिनांक–16.12.2025 द्वारा जारी चेकलिस्ट के अनुसार समस्त अभिलेख तैयार कर, संलग्न करने का कष्ट करें। चेक लिस्ट की प्रति संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

**संख्या** 1376 **अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ महोदय।
2. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर महोदय।

प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः– 1763 /11–सी–गाइडलाइन, लखनऊः दिनांकः दिसम्बर 16 ,2025

सेवा में,

समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक,
उ0प्र0।

विषयः– वन (संरक्षण एवं सवंर्धन) अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावों के ऑनलाइन पार्ट–1, ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड किये जाने वाली सूचनाओं/अभिलेखों की संशोधित चेक लिस्ट के संबंध में।

महोदय,

वन (संरक्षण एवं सवंर्धन) अधिनियम 1980 के अंतर्गत वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रेषित किये जाने वाले ऑनलाइन प्रस्तावों के ऑनलाइन पार्ट–1, ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड किये जाने वाली सूचनाओं एवं उससे सम्बन्धित अभिलेखों की संशोधित चेक लिस्ट इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित है कि कृपया वन (संरक्षण एवं सवंर्धन) अधिनियम 1980 के अंतर्गत वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव में संलग्न चेक लिस्ट के अनुसार ही ऑनलाइन पार्ट–1 एवं ऑनलाइन पार्ट–2 में अभिलेख अपलोड कर ऑनलाइन प्रस्ताव प्रेषित किये जाये।

संलग्नकः उपरोक्तनुसार।

16.12

**(ललित कुमार वर्मा)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 1763 /11–सी–गाइडलाइन, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलीय/जोनल मुख्य वन संरक्षक, उ0प्र0।
2. समस्त वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, उ0प्र0।

16.12

**(ललित कुमार वर्मा)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

# चेक लिस्ट

प्रस्ताव सं0–

प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफलः–PF- RF- योग =

प्रभावित पौध/वृक्षों की संख्याः– वन प्रभाग का नामः–

ऑनलाइन पार्ट–1 हेतु–

| क्रम सं0 | अभिलेखों का नाम | प्रस्ताव जिसमें अभिलेख आवश्यक है। | ऑनलाइन अपलोड की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित वनभूमि की के0एम0एल0 फाइल | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 2 | परियोजना वनभूमि में प्रस्तावित करने का औचित्य प्रमाण पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 3 | प्रस्तावित वनभूमि का Geo Referenced Digital Map & Sol Toposheet | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 4 | लागत लाभ विश्लेषण सम्बन्धित प्रमाण पत्र। | 20 हे0 से अधिक | |
| 5 | सी0ए0 हेतु प्रस्तावित गैर वनभूमि का विवरण, खतौनी एवं वचनबद्धता | जहाँ लागू हो | |
| 6 | सी0ए0 हेतु प्रस्तावित गैर वनभूमि की के0एम0एल0 फाइल। | जहाँ लागू हो | |
| 7 | सी0ए0 हेतु प्रस्तावित गैर वनभूमि का Geo Referenced Digital Map, Cadastal Map & Sol Toposheet | जहाँ लागू हो | |
| 8 | पावर ऑफ एटॉर्नी/आथारिटी पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 9 | प्रस्तावित वनभूमि की गणना/लैण्ड शैड्यूल | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 10 | परियोजना की स्वीकृति का शासनादेश/आदेश। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 11 | मानक शर्तें | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 12 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण पर होने वाले व्यय वहन से सम्बन्धित वचनबद्धता। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 13 | एन0पी0वी0 एवं बढ़ी एन0पी0वी0 के भुगतान की वचनबद्धता। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 14 | भूमि स्वामित्व वाले विभाग (लो0नि0वि0/एन0एच0ए0आई0/रेलवे/सिचाई विभाग) का अनापत्ति प्रमाण–पत्र। | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 15 | वन क्षेत्र के गजट नोटिफिकेशन की चिन्हित व प्रमाणित छायाप्रति। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 16 | FRA–2006 सम्बन्धी जिलाधिकारी का प्रमाण–पत्र/वचनबद्धता। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 17 | मलवा उत्सर्जन सम्बन्धित प्रमाण पत्र (GoI के निर्धारित प्रारूप में)। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 18 | कार्य प्रारम्भ न किये जाने के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 19 | बाधक वृक्षों की दशा में प्रयोक्ता एजेंसी से Entire Tree Transplant (ETT) की शर्त के अनुपालन हेतु वचनबद्धता प्रमाण पत्र। | जहाँ लागू हो | |
| 20 | लो0नि0वि0/एन0एच0ए0आई0 द्वारा अनुमोदित ले आउट प्लान। | रिटेल आउटलेट हेतु | |
| 21 | सेपरेटर पार्ट का ग्रीन बेल्ट प्लान मैप | रिटेल आउटलेट हेतु | |
| 22 | तीन वैकल्पिक रूट्स की के0एम0एल0 फाइल, जियों रिफरेन्स मैप, टोपोशीट एवं तुलनात्मक जस्टीफिकेशन। | नई ट्रांसमिशन लाइन एवं ग्रीन फील्ड की लीनियर परियोजनाओं हेतु | |
| 23 | आरक्षित वनभूमि का सर्किल रेट के आधार पर वनभूमि के मूल्य के बराबर प्रीमियम और प्रीमियम का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेंट वन विभाग के पक्ष में भुगतान की वचनबद्धता। | प्रदेश के सेवा विभाग एवं एन0एच0ए0आई0 को छोड़कर | |
| 24 | DFO & UA का CA हेतु प्रस्तावित गैर वनभूमि सभी प्रकार के अतिक्रमण एवं अधिभार से मुक्त (Free from all sorts of encumbrances and encroachments) सम्बन्धी प्रमाण पत्र व उपयुक्तता प्रमाण पत्र। | जहाँ लागू हो | |
| 25 | प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा CA हेतु दी जाने वाली गैर वनभूमि के सम्बन्ध में शासन के पत्रांक–VIP–23/14–2–2019–190 जी/2018, दिनांक 28.06.2019 के क्रम में उपजिलाधिकारी/DFO का प्रमाण पत्र। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु गैर वनभूमि के प्रकरणों में। | |
| 26 | टैंच साइज सम्बन्धी वचनबद्धता/प्रमाण पत्र | CNG/PNG/Gas Pipeline/OFC/Water Pipeline हेतु | |
| 27 | अनुमोदित CAT Plan/Wildlife Management Plan | जहाँ लागू हो | |
| 28 | हिन्दी भाग–1 | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 29 | Covering/EDS Letter | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 30 | समस्त अभिलेख अधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापित ही अपलोड किये जायें। | सभी प्रस्तावों हेतु | |

ऑनलाइन पार्ट–2 हेतु–

| क्रम सं0 | अभिलेखों का नाम | प्रस्ताव जिसमें अभिलेख आवश्यक है। | ऑनलाइन अपलोड की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | Copy of working plan | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 2 | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की kml file | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 3 | क्षतिपूरक वनीकरण स्थल का प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित Geo Referenced Digital Map | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 4 | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु स्थल का प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित व चिन्हित 1:50000 माप का SoI रंगीन टोपोशीट। | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 5 | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल का उपयुक्तता प्रमाण–पत्र। | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 6 | 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित CA का विस्तृत प्राक्कलन। | सभी सम्बन्धित प्रस्तावों हेतु | |
| 7 | प्रभागीय वनाधिकारी की स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट एवं संस्तुति। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 8 | UA & DFO का संयुक्त निरीक्षण प्रमाण–पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 9 | उल्लंघन की स्थिति में की गयी कार्यवाही, एच–2 केस की सत्यापित प्रति, उल्लंघन के फलस्वरूप जमा की गयी धनराशि की सत्यापित रसीद, प्रशमित प्रमाण पत्र, दण्डात्मक एन0पी0वी0 की गणना व वचनबद्धता | जहाँ लागू हो | |
| 10 | बाधक वृक्षों का व्यासवार वैज्ञानिक नाम सहित सूची व सारांश | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 11 | नोडल अधिकारी के पत्रांक–713/11–सी, दिनांक 28.08.2025 के क्रम में रिटेल आउटलेट के प्रवेश, निकास एवं सेपरेटर पार्ट का Geo Coordinate सहित रंगीन फोटोग्राफ एवं बाधक वृक्षों का निर्धारित प्रारूप में सारांश। | रिटेल आउटलेट हेतु | |
| 12 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल का DSS Analysis से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी का प्रमाण पत्र। | 05 हे0 से उपर के प्रस्तावों हेतु | |
| 13 | प्रस्तावित वनभूमि पर प्रस्तावित पारेषण लाइन के नीचे बौने (मुख्यतः औषधीय) पौधों के वृक्षारोपण का 10 वर्षों तक अनुरक्षण सहित प्राक्कलन। | पारेषण लाईन के प्रस्तावों हेतु | |
| 14 | एन0पी0वी0 की गणना। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 15 | परियोजना से 10 किमी0 की परिधि/ESZ से सम्बन्धित सेन्चुरी/वन्य जीव विहार होने/न होने के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 16 | अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध न होने एवं आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 17 | प्रभागीय वनाधिकारी की संस्तुति (भाग–2 में)। | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 18 | सी0ए0 चेक लिस्ट | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 19 | ओ0एफ0सी0 परियोजना पूर्व में डायवर्टेड ROW में प्रस्तावित होने/प्रस्तावित न होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र। | ओ0एफ0सी0 प्रस्तावों हेतु | |
| 20 | GoI, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 22.08.2022, शासन के पत्र दिनांक 07.12.2022 के क्रम में नोडल अधिकारी के पत्र दिनांक 09.12.2022 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने संबंधी DFO&UA का प्रमाण पत्र | ओ0एफ0सी0 प्रस्तावों हेतु | |
| 21 | प्रस्ताव की एक सिंगल पी0डी0एफ0 फाइल | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 22 | Covering/EDS Letter | सभी प्रस्तावों हेतु | |
| 23 | अन्य सुसंगत अभिलेख (प्रस्ताव की आवश्यकता अनुसार)। | जहाँ लागू हो | |
| 24 | समस्त अभिलेख DFO द्वारा सत्यापित ही अपलोड किये जायें। | सभी प्रस्तावों हेतु | |